# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ सहित देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित बीसवें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए आवश्यक कौशल और अवसर उपलब्ध कराने पर लगातार ध्यान दे रही है।

***आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। मैं आप सभी युवा साथियों को और आपके परिवारजनों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। आज आप सभी एक ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़े हैं, जब देश एक बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, और ये लक्ष्य है– 2047 तक विकसित भारत बनाने का।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में करीब चालीस देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं।

***भारत ने बीते कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी किए हैं। ये फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स–एफटीए, हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार बना रहे हैं। इस तरह के ट्रेड एग्रीमेंट्स से हमारे एंटरप्रेन्योर्स के लिए नई पार्टनरशिप के रास्ते खुलते हैं और हमारे युवाओं के लिए करियर में नई पॉसिबिलिटी बनती हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिशन रोजगार के तहत लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों में चयनित आठ सौ अट्ठारह युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति देने की प्रक्रिया जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस में छत्तीस हजार और होमगार्ड में इकतालीस से बयालीस हजार युवाओं की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के आगामी परिणामों से पच्चीस से तीस हजार तथा उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग से बीस से पच्चीस हजार युवाओं को नियुक्ति के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक करीब साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

***आज यूपी अपने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा है। आज यूपी अपनी इकोनामिक ग्रोथ के लिए जाना जा रहा है। आज यूपी अपने परंपरागत उद्यम को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से एमएसएमई यूनिट के माध्यम से हमने जो उसको ताकत दी है, टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा है, डिजाइन और पैकेजिंग के साथ जोड़ा है, बाजार से जोड़ा है। अकेले एमएसएमई सेक्टर में ही 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार हम लोग देने में सफल हुए हैं।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर हम 'सेवा संकल्प अभियान' की विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। प्रस्तुत है जल जीवन मिशन योजना को लेकर एक रिपोर्ट–

***2019 में लॉंच किए गये जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ 60 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नए नल कनेक्शन दिए गए हैं। इससे ग्रामीण नल–जल कवरेज बढ़कर 82 प्रतिशत से अधिक हो गया है। मिशन को अब 2028 तक बढ़ाया गया है, जिसमें जल सेवा की गुणवत्ता और स्थिरता पर जोर दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन से मिल रहे लाभों के बारे में बांदा जिले की निर्मला कहती हैं–***

***हमारे यहां पानी की बहुत दिक्कतें थी पहले जैसे हैंडपंप से दूर से पानी लाना घंटों खड़े होकर लाइन लगा के पानी लाना नदी से लाना ऐसे काफी समस्याएं होती थी पानी की पहले। अभी तो काफी सुविधा सरकार की ओर से हो गई है जो कि घर–घर नल टोटी लग गई है जिससे घर सबके घर पानी उपलब्ध हो रहा है समय की बचत होती है और काफी आराम है लोगों को इससे।***

***गौरतलब है कि मिशन के तहत 5 लाख से अधिक पानी समितियां गठित की गई हैं और 24 लाख 80 हजार से अधिक महिलाओं को जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण दिया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर घर नल का पानी पहुंचने से प्रतिदिन 5 करोड़ 50 लाख घंटे तक की बचत हो सकती है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मथुरा सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। बरसाना के श्रीराधा रानी मंदिर में दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। तड़के चार बजे से ही लाडलीजी के अभिषेक के साथ पूजन का सिलसिला जारी है। राधा अष्टमी को लेकर शासन–प्रशासन की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गयी हैं। गोरखपुर के गीता वाटिका में भी राधा अष्टमी धूम–धाम से मनाई जा रही है। वहां पूजा–अर्चना और भजन कीर्तन का क्रम सुबह से चल रहा है।

**********